रजिस्ट्री सं. डी.—(डी एन)—73 REGISTERED NO. D—(DN)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 43] नई दिल्ली, शनिवार, अक्तूबर 27, 1984 (कार्तिक 5, 1906)
No. 43] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 27, 1984 (KARTIKA 5, 1906)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	789
भाग I—खंड 2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	1357
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	27
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	1757
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खंड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खंड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	2597
भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	2936
भाग II—खंड 3—उप-खंड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए साधारण सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें साधारण स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खंड 3 या खंड 4 में प्रकाशित होते हैं)	191
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	343
भाग III—खंड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	25123
भाग III—खंड 2—पेटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	891
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	173
भाग III—खंड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	2853
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	167
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई।

CONTENTS

	PAGES
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Resolutions and Non Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) ..	789
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	1357
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	27
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1757
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	2597
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities(other than the Administration of Union Territories)	2935
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) on General Statutory Rules & Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	191
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	343
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railways Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	25123
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta	891
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners ..	173
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies ..	2853
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	167
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc, both in English and Hindi ..	*

* Folio No. not received

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 11 अक्तूबर 1984

सं० 104-प्रेज/84—राष्ट्रपति महाराष्ट्र पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम तथा पद :—

श्री शशिकान्त गनपतराव गुरु,
पुलिस निरीक्षक,
ग्रेटर बम्बई पुलिस बल,
महाराष्ट्र ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :—

30 सितम्बर, 1983 को अभियुक्त राजन महादेव नायर एक कुख्यात बदमाश को एसप्लेनेड कोर्ट बम्बई में रिमांड के लिए लाया गया था। रिमांड के बाद उसको एक पुलिस कान्स्टेबल द्वारा वापस ले जाया जा रहा था। नौसेना की वर्दी पहने एक डाकू उनका पीछा कर रहा था, उसने अचानक अपना रिवाल्वर निकाला और चार गोलियां चलाई। इसके परिणामस्वरूप अभियुक्त राजन नायर और कान्स्टेबल गोलियों से घायल हो गए और वे भिन्न-भिन्न दिशाओं में भागे। उसी समय पुलिस कल्ब में अधिकारियों की बैठक में भाग लेने के पश्चात् श्री शशिकान्त गनपतराव गुरु, पुलिस निरीक्षक, कोर्ट के परिसर में अपनी जीप की ओर जा रहे थे। यह देखकर वे सशस्त्र हमलावर की ओर भागे जो अपने रिवाल्वर से श्री गुरु पर गोली चलाने के लिए निशाना साध रहा था। अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए श्री गुरु ने निडरता से उस पर आक्रमण किया और हमलावर पर झपटे। उन्होंने अकेले ही अभियुक्त को निःशस्त्र कर दिया और अन्य पुलिस कर्मचारियों की सहायता से उसे आजाद मैदान थाने में लाए। गोलाबारी के परिणामस्वरूप अभियुक्त राजन नायर की अस्पताल में मृत्यु हो गई जबकि उसको संरक्षण में लाने वाला पुलिस कांस्टेबल जीवित बच गया।

श्री शशिकान्त गनपत राव गुरु, पुलिस निरीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, अनुकरणीय साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 30 सितम्बर, 1983, से दिया जाएगा।

सं० 105-प्रेज/84—राष्ट्रपति असम पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :—

श्री घाना कान्ता हाण्डिके, (मरणोपरान्त)
पुलिस निरीक्षक,
डी० ई० एफ०, दारंग,
असम ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :—

2 फरवरी, 1983, को अपराह्न में श्री घाना कान्ता हाण्डिके, पुलिस निरीक्षक, को मालूम हुआ कि असम में मंगलदोई और सिपाझार के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक गंभीर हिंसक घटना हुई थी। आन्दोलनकारियों द्वारा कई बसों को आग लगा दी गई थी।

सिपाझार पहुंचने पर निरीक्षक हांडिके ने वहां राज्य परिवहन की दो बसों और अनेक निजी कारों को खड़े देखा। उन्होंने खड़े वाहनों को मंगलदोई ले जाने के लिए रक्षक के रूप में उनके साथ जाने की स्वेच्छा प्रकट की तथा सिपाझार से लगभग 16.00 बजे प्रस्थान किया। उनके साथ दो विशेष शाखा उप-निरीक्षक, दो एन० सी० ओ० गनमेन जिनके पास स्टेन गनें थीं और तीन बसों और दो कारों की कानवाई थी। ज्योंहीं कानवाई कुलापनी पुल के पास पहुंची तो हिंसक भीड़ ने फुर्ती से उनको घेर लिया। कानवाई को रोकर निरीक्षक हांडिके कार से नीचे उतरे और भीड़ को रुकने का आदेश दिया। क्योंकि भीड़ आग ही बढ़ रही थी, अतः उन्होंने अपने गनमैनों को हवा में दो राउंड गोलियां चलाने का आदेश दिया। फिर भी भीड़ नहीं रुकी और उनकी ओर बढ़ती रही तथा एक गनमेन को काबू में कर लिया। स्थिति को काबू से बाहर पाकर निरीक्षक हांडिके ने तुरन्त अपना रिवाल्वर निकाला और भीड़ पर सब की सब छः राउंड गोलियां चला दी। इससे भीड़ कुछ समय के लिए तितर बितर हो गई। तब उन्होंने विशेष शाखा उप-निरीक्षक का रिवाल्वर मांग लिया। उन्होंने बस की खिड़की में से मुश्किल से केवल दो राउंड गोलियां चलाई थी कि भीड़ उमड़ कर अन्दर घुस आई और उनको पकड़ कर बाहर ले आई तथा दोनों रिवाल्वर छीन लिए। उनके सिर पर एक दांव का भीषण प्रहार किया गया जिससे वे घटनास्थल पर ही वीरगति को प्राप्त हो गए।

श्री घाना कान्ता हांडिके, पुलिस निरीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, अनुकरणीय साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2 फरवरी, 1983, से दिया जाएगा।

सं० 106-प्रेज/84—राष्ट्रपति पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :—

श्री सुरजीत सिंह, (मरणोपरान्त)
हेड कांस्टेबल नं० 353,
82वीं बटालियन,
पंजाब सशस्त्र पुलिस,
बहावुरगढ़ ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :—

अमृतसर जिले में खादुर साहिब क्षेत्र से विधायक श्री लखा सिंह का नाम उग्रवादियों की हिट लिस्ट में था। उन्हें सुरक्षा के लिए गनमेन के रूप में हेड कांस्टेबल सुरजीत सिंह उपलब्ध कराया गया था। 2 मई, 1984, को श्री लखा सिंह अपने रिश्तेदार श्री चंचल के साथ, अपने गनमेन हेड कांस्टेबल सुरजीत सिंह के साथ अपने घर जाने के लिए तैयार हो रहे थे। लगभग 7.30 बजे सायं, जब वे कार की तरफ जा रहे थे तो पांच उग्रवादी जो स्टेनगन और पिस्तौलों से लैस थे, घटनास्थल पर प्रकट हुए और उन्होंने गोली चलानी शुरू कर दी जिसके परिणामस्वरूप श्री चंचल सिंह घटनास्थल

पर मारे गए। एक गोली श्री सुरजीत सिंह के पेट में लगी। अकेले होने के बाद भी श्री सुरजीत सिंह ने सूझबूझ दिखायी और खेतों में ऊंचे उठे एक टीले के पीछे मोर्चा संभाला और उग्रवादियों पर गोलीबारी करनी आरम्भ कर दी एक उग्रवादी घटनास्थल पर ही मारा गया और दूसरो ने भागना शुरू कर दिया उन्होंने भागते हुए उग्रवादियो पर गोली चलाना जारी रखा और एक और उग्रवादी को गोली से मारने में सफल हो गए। उन्होंने दूसरे उग्रवादी को भी गोली मारी जिसे वो उग्रवादी उठा कर ले गए। जब पुलिस कुमुक घटनास्थल पर पहुंची तो श्री सुरजीत सिंह के शरीर से बहुत अधिक खून बह रहा था। उन्हें तुरन्त अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी 4 मई, 1984, को मृत्यु हो गयी।

हेड कांस्टेबल श्री सुरजीत सिंह ने उत्कृष्ट वीरता, अनुकरणीय साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2 मई, 1984, से दिया जाएगा।

सु० नीलकण्ठन
राष्ट्रपति का उप सचिव

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 5 अक्तूबर 1984

सं० 13019/1/84-जी० पी०-II—इस मंत्रालय की तारीख 9 जून, 1983 की अधिसूचना सं० 13019/3/83-जी० पी०-II के क्रम में राष्ट्रपति चंडीगढ़ संघ शासित क्षेत्र की गृह मंत्री की परामर्शदात्री समिति की अवधि तारीख 1 अप्रैल, 1984 से 31 मार्च, 1985 तक एक वर्ष के लिए और बढ़ाते हैं। जिसके सदस्य निम्नलिखित हैं :—

1. मुख्य आयुक्त
   चण्डीगढ़ प्रशासन।
2. वाइस-चान्सलर,
   पंजाब यूनिवर्सिटी।
3. श्री भोपाल सिंह
4. श्री दौलत राम शर्मा
5. श्री रोशन लाल बट्ट
6. श्री रामस्वरूप शर्मा
7. श्री राजपाल सिंह
8. श्री भाग सिंह सज्जन
9. श्रीमती आर० एन० डोगरा
10. श्री अमरजीत सिंह सरन
11. श्री चमन लाल शर्मा, एडवोकेट
12. श्री बृजमोहन सिंह
13. श्री आर० के० साबू
14. श्रीमती निहाल कौर
15. डा० सुरिन्दर सिंह
16. मेजर जनरल अवतार सिंह,
    (सेवानिवृत्त)
17. श्री मोहिन्दर एस० मलिक
18. बी० बी० बहल
19. श्री हरभजन सिंह,
    अध्यक्ष, पिछड़ी जातियां
20. श्रीमती हरफूल सिंह बरार
21. श्री टी० एल० सतीजा
22. श्री अमरजीत सिंह सेठी
23. श्री चरनजीत सिंह

बालेश्वर राय
उप सचिव

विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 22 अगस्त 1984

सं० 38/पीए-11/84 दिनांक 25 नवंबर, 1982 की अधिसूचना सं० 38/पीए-11/82 के संदर्भ में राष्ट्रपति श्री प्यारे लाल की भारतीय विदेश सेवा (ख) के वर्ग में पदोन्नति (दिनांक 25-11-1982 की उक्त अधिसूचना के पैरा 1 की क्रम सं० 54 को रद्द करते हैं।

2. इसके परिणामस्वरूप 25 नवंबर, 1982 की उक्त अधिसूचना के पैरा 2 की क्रम सं० 4 पर श्री प्यार लाल का नाम काट दिया जाए।

3. 25 नवंबर, 1982 की उक्त अधिसूचना की अन्य शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

विवेक काटजू, उप सचिव

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 24 सितम्बर 1984

संकल्प

सं० 07011/3/84-साल्ट—नमक के केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड के पुनर्गठन के सम्बन्ध में इस मंत्रालय के संकल्प सं० 07011/3/84-साल्ट, दिनांक 1 अगस्त, 1984 के क्रम में भारत सरकार ने नमक के केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड में निम्नलिखित संसद सदस्यों को नामित करने का निर्णय लिया है :—

1. श्री के० टी० कोसल राम,
   संसद सदस्य (लोक सभा)
2. श्री ए० टी० पाटिल,
   संसद सदस्य (लोक सभा)
3. श्री बी० राजगोपाल राव,
   संसद सदस्य (लोक सभा)

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सभी राज्य सरकारों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयो, योजना आयोग, मंत्रिमंडल सचिवालय और प्रधान मंत्री के कार्यालय को भेज दिया जाए।

2. यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को भारत राजपत्र के भाग-I खण्ड-1 में प्रकाशित किया जाए।

जी० वेंकटरमणन, संयुक्त सचिव

तकनीकी विकास महानिदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक 8 अक्तूबर 1984

सं० सी० पी० /पैनल/84—भारत के 17 सितम्बर, 1983 के राजपत्र के भाग-I, खण्ड-1 में प्रकाशित दिनांक 27 अगस्त, 1983 के संकल्प सं० सी० पी० /पैनल/79-83 के तहत सरकार ने इस संकल्प के जारी होने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए ग्रेफाइट और कार्बन उत्पाद उद्योग के लिए विकास नामिक का पुनर्गठन किया है। अब इसमें भाभा आण्विक अनुसन्धान केन्द्र, बम्बई में वैज्ञानिक, श्री केशव चन्द्र को नामिका के सदस्य के रूप में शामिल करने का निर्णय किया गया है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को भेजी जाए। यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आम जानकारी के लिए भारत के राजपत्र मे प्रकाशित किया जाए।

के० सी० जंजवाल, निदेशक (प्रशासन)

दिनांक 29 सितम्बर 1984

संकल्प

सं० डी० डब्ल्यू० आई०–64(84)/डब्ल्यू० पी०—इस संकल्प सं० डी० डब्ल्यू० आई०–64(84)/डब्ल्यू० पी० दिनांक 27 मार्च, 1984 तथा संकल्प सं० डी० डब्ल्यू० आई०–64(84)/डब्ल्यू० पी० दिनांक 7 जुलाई, 1984 के क्रम में, भारत सरकार ने काष्ठ उद्योगों की नामिका में निम्नलिखित और व्यक्तियों को प्रथम संकल्प के जारी होने की तिथि 27 मार्च, 1984 से दो वर्ष की अवधि तक के लिए शामिल करने का निर्णय किया है :—

1. श्री पी० आर० मल्लम,
   निदेशक,
   औद्योगिक विकास विभाग,
   उद्योग मंत्रालय,
   मौलाना आजाद रोड,
   उद्योग भवन,
   नई दिल्ली।
2. श्री पी० के० आना,
   कार्यकारी निदेशक,
   रसायन एवं सम्बद्ध उत्पाद निर्यात-संवर्धन परिषद् (सी० ए० पी० ई० एक्स० आई० एल०),
   विश्व व्यापारी केन्द्र,
   14/1–बी, एजरा स्ट्रीट,
   कलकत्ता–700001।
3. श्री जे० एस० मचाक,
   एम० 39–बी,
   प्रथम तल,
   राजोरी गार्डेन,
   नई दिल्ली–110027।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक–एक प्रति सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को भेजी जाए। यह भी आदेश दिया जाता है कि आम सूचना के लिए इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

के० सी० गंजवाल,
निदेशक (प्रशासन)

शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय

(संस्कृति विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 11 सितम्बर, 1984

सं० एफ० 7–6/84–सी० एच० –3—केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ, वाराणसी के पिछले शासी बोर्ड की अवधि समाप्त होने पर भारत सरकार ने संस्थान की नियमावली और उपविधि के नियम 7 के अन्तर्गत 25 जून, 1984 से 3 वर्ष की अवधि के लिए बोर्ड का पुनर्गठन किया है। पुनर्गठन बोर्ड की संरचना निम्न प्रकार है :—

1. डा० (श्रीमती) कपिला वात्स्यायन, — अध्यक्ष
   अपर सचिव,
   संस्कृति विभाग,
   नई दिल्ली।
2. वेन. कामतुल आवयंग डोनडुप, — सदस्य
   सामान्य सचिव,
   परम पावन दलाई लामा की धार्मिक और सांस्कृतिक कार्य परिषद्,
   गंगचेन, काइयोंग,
   धर्मशाला, कांगड़ा,
   हिमाचल प्रदेश।
3. डा० राम शंकर त्रिपाठी, — सदस्य
   विभागाध्यक्ष,
   बुद्ध दर्शन,
   सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय,
   वाराणसी,
   उत्तर प्रदेश।
4. श्री एस० पी० दुली, — सदस्य
   उप वित्तीय सलाहकार,
   शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय,
   नई दिल्ली।
5. श्री पी० के० बुधवर, — सदस्य
   संयुक्त सचिव
   (पूर्वी एशिया),
   विदेश मंत्रालय,
   नई दिल्ली।
6. प्रोफेसर जी० सी० पांडेय, — सदस्य
   11, बलरामपुर हाउस,
   इलाहाबाद–2।
7. प्रोफेसर राजाराम शास्त्री, — सदस्य
   ए–43–ए, डी० डी० ए० फ्लैट्स,
   मुनिरका, नई दिल्ली–110067।
8. प्रोफेसर जगन्नाथ उपाध्याय, — सदस्य
   सी–27/61, जगतगंज,
   वाराणसी, उत्तर प्रदेश।
9. डा० (श्रीमती) राधा बरनियर, — सदस्य
   अध्यक्ष,
   थियोसोफिकल सोसाइटी,
   अडयार, मद्रास–600020।
10. प्रो० दयाकृष्ण, — सदस्य
    निदेशक,
    विश्वविद्यालय अनुदान आयोग,
    विशेष सहायता कार्यक्रम,
    दर्शन शास्त्र विभाग,
    राजस्थान विश्वविद्यालय,
    जयपुर–202004।
11. डा० के० एन० मिश्र, — सदस्य
    संस्कृत रीडर,
    केन्द्रीय उच्च तिब्बती
    शिक्षा संस्थान,
    सारनाथ, वाराणसी।
12. प्रोफेसर एल० एम० जोशी, — सदस्य
    अनुसन्धान प्रोफेसर,
    केन्द्रीय उच्च तिब्बती,
    शिक्षा संस्थान,
    सारनाथ वाराणसी।
13. प्रोफेसर एस० रिनपोचे, — सदस्य-सचिव
    प्रधानाध्यापक,
    केन्द्रीय उच्च तिब्बती,
    शिक्षा संस्थान,
    सारनाथ, वाराणसी।

सी० एल० आनन्द,
संयुक्त शिक्षा सलाहकार

खेल विभाग

राष्ट्रीय खेल नीति पर संकल्प

नई दिल्ली, दिनांक 21 अगस्त 1984

सं० एफ० 1-1/83-डी०-1(एस० पी०)—खेलों तथा शारीरिक शिक्षा कार्यकलापों को अच्छे स्वास्थ्य के शारीरिक उपयुक्तता की उच्च श्रेणी, व्यक्तिगत उत्पादकता में बढ़ोत्तरी के लिए तथा लाभप्रद मनोरंजन, सामाजिक मेल-मिलाप बढ़ाने तथा अनुशासन द्वारा उसके मूल्यों को भी अच्छी तरह माना गया है । अतः आयु और लिंग भेद न करते हुए, खेल-कूद और मनोरंजन कार्यकलापों में प्रत्येक नागरिक द्वारा भाग लिए जाने की आवश्यकता को समान रूप में माना गया है । खेल-कूद में राष्ट्रीय स्तर को ऊंचा करने की आवश्यकता को भी माना गया है ताकि हमारे खिलाड़ी (स्त्री-पुरुष) अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं मे अपना प्रशंसनीय कर्तव्य निभा सकें । इसीलिए केन्द्र और राज्य सरकारों का यह कर्तव्य है कि वे खेलों और शारीरिक शिक्षा के बहुमुखी विकास की प्रक्रिया के लिए उसे बहुत उच्च प्राथमिकता प्रदान करें। उन्हें आवश्यक सुविधाएं और व्यवस्थापन और जनता में खेल जागरूकता पैदा करके परम्परागत और आधुनिक खेलो और योगा का भी बड़े पैमाने पर बढ़ावा और विकास करना चाहिए ताकि उनके नियमित तौर पर खेलों और शारीरिक शिक्षा कार्यकलापो में भाग लेने से एक अच्छे उपयुक्त और सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण हो सके ।

2. भारत सरकार को इस बात से प्रसन्नता है कि उपरोक्त सिद्धांतों और अनुवर्ती नीति विवरणो को राज्य सरकारों का समर्थन प्राप्त है । तदनुसार भारत सरकार ने यह निश्चय किया है कि देश में निम्न प्रकार से खेल और शारीरिक शिक्षा को बढ़ावा देना शुरू किया जाए :—

(1) गावों और नगरों में अवस्थापना—व्यापक स्तर पर खेलो और शारीरिक शिक्षा के विकास का कोई भी कार्यक्रम तब तक सफल नही हो सकता जब तक कि गांवों और नगरों में आम जनता औद्योगिक मजदूरो और शैक्षणिक संस्थानों के लिए समान रूप से खेलों की न्यूनतम सुविधाएं, जैसे कि खेल के मैदान, इन्डोर हाल, तरणताल इत्यादि उपलब्ध नही कराई जाती । अतः इस प्रकार की सुविधाएं चरणो मे उपलब्ध कराई जाएं ताकि यथा समय मे ये सारे देश मे उपलब्ध हो जाएं । केवल तभी अधिक जनता द्वारा खेलों और शारीरिक शिक्षा कार्यकलापो में भाग लेने के मूलभूत उद्देश्य को प्राप्त कर लेना सम्भव हो सकेगा । केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा इस प्रयोजनार्थ एक समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करने की आवश्यकता है ।

(2) खेल मैदानो और खुले स्थानो को सुरक्षित रखना —केन्द्र और राज्य सरकारो को यदि आवश्यकता पड़े तो उपयुक्त कानून द्वारा गांवो और शहरी क्षेत्रों मे मौजूदा खेल मैदानो और स्टेडियमो को खेल प्रयोजनार्थ सुरक्षित रखने तथा खेलों और शारीरिक शिक्षा कार्यकलापों के लिए उत्तरोत्तर अधिक मौजूदा खुले स्थान उपलब्ध कराने को सुनिश्चित करने के प्रयास करने चाहिए ।

(3) पोषण—बड़े पैमाने पर जनसंख्या के पोषण के स्तर को सुधारने की आवश्यकता को पहले से ही माना गया है । इस बात को सुनिश्चित करने के प्रयास करने चाहिए कि खिलाड़ियों (स्त्री-पुरुष) को दी जाने वाली खुराक में, विभिन्न खेलों, जिनमें वे भाग ले रहे हैं, की विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आवश्यक पौष्टिक मात्रा हो ।

(4) प्रतिभाशालियों का पता लगाना—जो खेलों के विकास से सम्बन्धित हैं, उन्हें कम उम्र के खेल प्रतिभाशालियों का पता लगाकर उन्हें प्रशिक्षित करने के सभी प्रयास करने चाहिए ताकि उनकी पूरी क्षमता साकार हो सके ।

(5) शैक्षणिक संस्थाओं मे खेल और शारीरिक शिक्षा —स्कूलों और अन्य ऐसी ही शैक्षणिक संस्थाओं में खेल और शारीरिक शिक्षा को नियमित विषय के रूप मे पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग बनाना चाहिए । विश्वविद्यालयों, कालेजों और डिग्री और डिप्लोमा प्रदान करने वाली अन्य संस्थाओं में भी खेल कार्यकलापों में भाग लेने के लिए अधिक बल देना चाहिए ।

(6) खेल संस्थाएं —खेल विश्वविद्यालय, कालेज, स्कूल और छात्रावास जैसी संस्थाए, जो अपनी पूरी क्षमता से खेल प्रतिभाशालियों का पता लगाने, प्रशिक्षण और विकास पर विशेष बल देती हैं, को स्थापित करने के लिए कदम उठाने चाहिए । इन संस्थाओं के अपने खेल तथा शारीरिक शिक्षा पर विशेष बल के अलावा सामान्य शिक्षा उनके पाठ्यचर्या का एक अभिन्न अग होना चाहिए ।

(7) प्रोत्साहन —ऐसे खिलाड़ी जो खेलो में श्रेष्ठ हैं उन्हें पर्याप्त प्रोत्साहन देना चाहिए ।

(8) रोजगार के लिए विशेष ध्यान—ऐसे खिलाड़ी जो खेलों में श्रेष्ठ हैं उन्हें स्वयं रोजगार सहित रोजगार देने पर विशेष ध्यान देना चाहिए ।

(9) स्वैच्छिक प्रयास —दोनो खेल प्रतियोगिताओं तथा खेल कार्यकलापों में बड़ी मात्रा में भाग लेने के लिए खेलों को बढ़ावा देने हेतु स्वैच्छिक प्रयास को महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी है । अतः यह आवश्यक है कि भारतीय ओलम्पिक एसोसिएशन, राष्ट्रीय खेल संघ, खेल क्लब तथा अन्य ऐसी स्वैच्छिक निकायों के सहयोग को इस प्रयास में सम्मिलित किया जाए ।

(10) अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं—भारतीय ओलम्पिक एसोसिएशन और राष्ट्रीय खेल संघों की प्रतियोगी खेलों के सम्बन्ध में विशेष जिम्मेदारी है । उन्हें राष्ट्र के गौरव को ध्यान में रखकर एकीकृत और संसक्तिशील छवि प्रदर्शित करनी चाहिए । जब अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय टीमें भाग लेती है तो उनका उत्तरदायित्व और भी बढ़ जाता है । अतः ऐसे संघों को नियमित रूप से राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित करने तथा अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय टीमों को तैयार करने हेतु प्रभावी योजनाओं को कार्यान्वित करने तथा इस प्रयोजनार्थ खिलाड़ियों के उचित चयन शारीरिक उपयोगिता और प्रशिक्षण को सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए । उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल के नियम में कोई ऐसा परिवर्तन करने पर विरोध भी करना चाहिए जिसके परिणाम स्वरूप खेल के मौलिक स्वरूप में परिवर्तन होने से किसी देश विशेष अथवा देशों के समूह की खेल क्षमता अथवा उसके तरीके को कोई क्षति पहुँचती है ।

(11) अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शन —राष्ट्रीय टीमो को अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सभी विदेशो में भेजना चाहिए जबकि उन्होंने शारीरिक अनुकूलन प्रशिक्षण तथा अभ्यास द्वारा ऐसी प्रतियोगिताओं के लिए अपेक्षित स्तर प्राप्त कर लिए हो । विदेशों में अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने अथवा देश में अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित करने के समय देश की राजनयिक प्राथमिकताओं को ध्यान में रखना चाहिए ।

(12) प्रतियोगी खेलों में प्राथमिकता —प्रतियोगी खेलों को प्रोत्साहन देते समय निम्नलिखित को प्राथमिकता देनी चाहिए :—

(क) ओलम्पिक, एशियाई खेल तथा राष्ट्रमण्डलीय खेलों के लिए मान्यता प्राप्त खेल विषय; और

(ख) ऐसे अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त खेल जिनके लिए विश्व संघ विद्यमान हो और जिसे शतरंज की तरह ही भारत में बड़े पैमाने पर खेला जाता है ।

(13) उपयुक्त उपस्कर—देश में खेल सामग्री के उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक प्रयास किए जाने चाहिए ताकि वह खेलों में प्रयोग के लिए उचित मूल्य पर अन्तर्राष्ट्रीय स्वीकृत स्तर के उपस्करों का निर्माण और उपलब्ध करा सकें । जब तक देशीय खेल सामग्री उद्योग ऐसे उपस्कर निर्मित करने में असमर्थ हैं, तब तक, खेल प्रतियोगिताओं के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के अपेक्षित उपस्करों को निःशुल्क सीमा शुल्क से आयात करके उपलब्ध कराने चाहिए ।

(14) गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा खेल तथा शारीरिक शिक्षा का विकास—केवल सरकार ही अपेक्षित बड़े पैमाने पर खेल तथा शारीरिक शिक्षा को विकसित तथा बढ़ावा नहीं दे सकती । वित्त, अवस्थापन तथा आयोजन के मामले में गैर सरकारी संस्था चाहे वे सरकारी अथवा निजी हों, द्वारा सक्रिय रूप से भाग लेने और समर्थन देने को प्रोत्साहित करना चाहिए ।

(15) अनुसन्धान और विकास —खेल और शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में दोनों निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्रों में अनुसन्धान और विकास को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए । इस सन्दर्भ में विशेष तौर पर देश में खेल विज्ञान के विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता है ।

(16) जन संचार का प्रयोग—देश में खेल जागरूकता का प्रचार करने तथा उसे बनाए रखने में जन संचार का प्रभावी तौर पर प्रयोग करना चाहिए ।

3. इस खेल नीति के कार्यान्वयन के लिए केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों द्वारा बड़ी मात्रा में अतिरिक्त वित्तीय परिव्यय की आवश्यकता पड़ेगी । खेलों तथा शारीरिक शिक्षा के विकास में लगाई गई पूंजी मानो स्वास्थ्य, उपयुक्तता, उत्पादकता और लोगों के सामाजिक कल्याण में लगाई गई पूंजी है जो वस्तुतः हमारे विकास के लिए हमारी जन शक्ति को बढ़ाने के लिए है । अतः खेलों और शारीरिक शिक्षा में ऐसी निवेश को पर्याप्त रूप में बढ़ाना चाहिए।

4. भारत सरकार राज्य सरकारों के साथ, प्रत्येक पांच वर्षों में, इस राष्ट्रीय नीति के कार्यान्वयन में की गई प्रगति की समीक्षा करेगी और ऐसी समीक्षा के परिणाम स्वरूप अपेक्षित आगे की कार्यवाही हेतु सुझाव देगी ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रतिलिपि भारत के राजपत्र में प्रकाशित की जाए और सभी सम्बन्धित को इस सम्बन्ध में सूचित किया जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रतिलिपि सभी राज्य सरकारों और संघ शासित प्रशासकों को भेज दी जाए ।

एस० के० चतुर्वेदी, संयुक्त सचिव

ऊर्जा मंत्रालय

(पेट्रोलियम विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 28 सितम्बर 1984

शुद्धिपत्र

विषय :—महानदी आफरेशन के अपतटीय उत्तर-पूर्वी तट विस्तार और खाड़ी अन्वेषण परियोजना के 16,200 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र के लिए आयल इन्डिया लिमिटेड को पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस की स्वीकृति ।

सं० ओ०-12012/33/83-उत्पादन—आदेश सं० ओ०-12012/33/83-उत्पादन दिनांक 4 सितम्बर, 1984 का भाग (ङ०) को निम्नलिखित रूप में प्रतिस्थापित करें ।

"(ङ०) आयल इण्डिया लिमिटेड ने प्रतिभूति निपेक्ष के रूप में 1,29,600 रुपए की धनराशि जमा की है जैसा कि पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 11 कि अनुसार आवश्यक है ।"

दिनांक 8 अक्तूबर 1984

आदेश

विषय—बी-178 संरचना के 32.67 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र (अपतटीय) के लिए तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग को पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस की स्वीकृति ।

सं० ओ० 12012/17/84-ओ एन बी (बी-IV)—पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 5 के उपनियम (I) की द्वारा (I) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा तेल एवं प्राकृतिक गस आयोग, तेल भवन देहरादून जिसको इसके बाद आयोग कहा जायेगा के बी-178 संरचना के 32.67 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र (अपतटीय) में पेट्रोलियम मिलने की संभावना हेतु एक पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस 27-3-1984 से 4 वर्ष की अवधि के लिये स्वीकृति देती है ।

इसके विवरण इसके साथ संलग्न अनुसूची "क" में दिए गये हैं । लाइसेंस की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों पर है :—

(क) अन्वेषण लाइसेंस पेट्रोलियम के संबंध में होगा ।

(ख) यदि अन्वेषण कार्य के दौरान कोई खनिज पदार्थ पाये गये तो आयोग पूर्ण ब्यौरे के साथ उसकी सूचना केन्द्रीय सरकार को देगा ।

(ग) स्वत्व शुल्क (रायल्टी) निम्नलिखित दरों पर ली जायगी :—

(i) समस्त अंशोधित तेल तथा केसिंग हैड कन्डेन्सेट पर 61 रुपये प्रति मी० टन या ऐसी दर जो समय समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित की जायेगी ।

(ii) प्राकृतिक गैस के संबंध में ये दर केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर निर्धारित दर के अनुसार होंगी ।

(iii) स्वत्व शुल्क (रायल्टी) की अदायगी, पेट्रोलियम विभाग, नई दिल्ली के वेतन तथा लेखा अधिकारी को दी जायगी ।

(घ) आयोग लाइसेंस के अनुसरण में प्रत्येक माह के प्रथम 30 दिनों में गत माह से प्राप्त समस्त अंशोधित तेल की मात्रा, केसिंग हैड कन्डेन्सेट और प्राकृतिक गैस की मात्रा तथा उसका कुल उचित मूल्य दर्शाने वाला एक पूर्ण तथा उचित विवरण केन्द्रीय सरकार को भेज गा । यह विवरण संलग्न अनुसूची "ख" में दिये गये प्रपत्र में भरकर देना होगा ।

(ङ.) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 11 की आवश्यकता के अनुसार आयोग रुपये की धनराशि प्रतिभूति के रूप में जमा करेगा ।

(च) आयोग प्रतिवर्ष लाइसेंस के संबंध में एक शुल्क के संबंध में एक शुल्क का भुगतान करेगा जिसकी सगणना प्रत्येक वर्ग किलोमीटर या उसके किसी अंश जिसका लाइसेंस में उल्लेख किया गया हो, निम्नलिखित दरों पर की जायेगी ।

1. लाइसेंस के प्रथम वर्ष के लिए 4 रु०
2. लाइसेंस के द्वितीय वर्ष के लिए 20 रु०
3. लाइसेंस के तृतीय वर्ष के लिए 100 रु०
4. लाइसेंस के चतुर्थ वर्ष के लिए 200 रु०
5. लाइसेंस के नवीनीकरण के प्रथम और द्वितीय वर्ष के लिए 300रु० ।

(छ) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 11 के उपनियम (3) की आवश्यकतानुसार आयोग को अन्वेषण लाइसेंस के किसी क्षेत्र के किसी भाग को छोड़ देने की स्वतंत्रता सरकार को दो माह के नोटिस के बाद होगी ।

(ज) आयोग केन्द्रीय सरकार की मांग पर उसको तत्काल तेल तथा प्राकृतिक गैस अन्वेषण के अन्तर्गत पाये गये समस्त खनिज पदार्थों के संबंध में भूवैज्ञानिक आंकड़ों के बारे में एक पूर्ण रिपोर्ट गुप्त रूप से देगा तथा हर छः महीने में निश्चित रूप से केन्द्रीय सरकार को सकल परिचालनों व्यक्षन तथा अन्वेषण कार्यों के परिणामों के बारे में सूचना देगा।

(झ) आयोग समुद्र की तलहटी और/या उसके धरातल पर आग लगने संबंधी निवारक उपायों की व्यवस्था करेगा तथा आग बुझाने हेतु हर समय के लिए ऐसे उपकरण, सामान तथा साधन बनाये रखेगा और तीसरी पार्टी और/या सरकार को उतना मुआवजा देगा जितना कि आग लगने से हुई हानि के बारे में निर्धारित किया जायगा।

(ञ) इस अन्वेषण लाइसेंस पर तेल खान (नियंत्रण और विकास) अधिनियम 1948 (1948 का 53) और पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के उपबन्ध लागू होंगे।

(ट) पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस के बारे में आयोग केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित एक जैसा दस्तावेज भर कर देगा जो अपतटीय क्षेत्रों के लिए व्यवहार्य होगा।

(ठ) आयोग व्यक्षन/अन्वेषण कार्य/सर्वेक्षण के दौरान एकत्र किये गये वैज्ञानीतिक, भौतल नमूनों, प्रवाह तथा चुम्बकीय आंकड़े सामान्य रूप में रक्षा मन्त्रालय/नौसेना मुख्यालय को भेजेगा।

अनुसूची "क"

बी-178 संरचना के भौगोलिक निर्देशांकों के ब्यौरे

स्थान	रेखांश	अक्षांश
"ए"	72° 10' 25.42"	19° 3' 34.97"
"बी"	72° 10' 50.85"	19° 1' 39.47"
"सी"	72° 7' 49.49"	18° 56' 58.72"
"डी"	72° 6' 24.75"	18° 58' 1.28"

अनुसूची—ख

अशोधित तेल, केसिंग हेड कन्डेन्सेट तथा प्राकृतिक गैस के उत्पादन तथा उसके मूल्य सहित मासिक वितरण के लिए पैट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस।

बी-139 संरचना क्षेत्रफल 32.67 वर्ग किलो मीटर।

वाह तथा वर्ष

क—अशोधित तेल

कुल प्राप्त किलो लीटरों की सं०	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये किलो लीटरों की संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये लीटरों की संख्या	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त किलो लीटरों की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

ख—केसिंग हेड कन्डेन्सेट

प्राप्त किये गये कुल किलो लीटरों की सं०	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये किलो लीटरों की संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये किलो लीटरों की सं०	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त किलो लीटरों की सं०	टिप्पणी
1	2	3	4	5

ग—प्राकृतिक गैस

कुल प्राप्त घन मीटरों की संख्या	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये गये घन मीटरों की संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये घन मीटरों की संख्या	कालम 2 और 3 को घटा-कर प्राप्त घन मीटरों की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

एतद्द्वारा मैं, श्री——————————————सत्य निष्ठापूर्वक घोषणा एवं पुष्टि करता हूं कि इस विवरण में दी गई सूचना पूर्ण रूपेण सत्य और सही है, उसे सही समझते हुए मैं शुद्ध अन्तःकरण से सत्यनिष्ठा से यह घोषणा करता हूं।

हस्ताक्षर——————————

(भारत के राष्ट्रपति के आदेश से तथा उनके नाम पर)

आदेश

विषयः—रत्नागिरी—आर—18 संरचना के 10 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र (लगभग) के लिए पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस की स्वीकृति।

सं० ओ-12012/30/84 ओ० एम० जी० (डी० 4)—पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 5 के उपनियम (1) की धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग, तेल भवन, देहरादून (जिसको इसके बाद आयोग कहा जायेगा) के रत्नागिरी—आर—18 संरचना के 10 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र (लगभग) में पेट्रोलियम मिलने की संभावना हेतु एक पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस 23—2—1983 से 11—3—1983 वर्ष अवधि के लिए स्वीकृति देती है।

इसके विवरण इसके साथ संलग्न अनुसूची "क" में दिये गये हैं।

लाइसेंस की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों पर है :—

(क) अन्वेषण लाइसेंस पेट्रोलियम के संबंध में होगा।

(ख) यदि अन्वेषण कार्य के दौरान कोई खनिज पदार्थ पाये गये तो आयोग पूर्ण ब्यौरे के साथ उसकी सूचना केन्द्रीय सरकार को देगा।

(ग) स्वत्व शुल्क (रायल्टी) निम्नलिखित दरों पर ली जायगी :

(i) समस्त अंशोधित तेल तथा केसिंग हैड कन्डेन्सेट पर 61 रुपये प्रति मी० टन या ऐसी दर जो समय समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित की जायगी।

(ii) प्राकृतिक गैस के संबंध में यह दर केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर निर्धारित दर के अनुसार होगी।

(iii) स्वत्व शुल्क (रायल्टी) की अदायगी, पेट्रोलियम विभाग नई दिल्ली के वेतन तथा लेखा अधिकारी को दी जायेगी।

(घ) आयोग लाइसेंस के अनुसरण में प्रत्येक माह के प्रथम 30 दिनों में गत माह से प्राप्त समस्त अंशोधित तेल की मात्रा, केसिंग हैड कन्डेन्सेट और प्राकृतिक गैस की मात्रा तथा उसका कुल उचित मूल्य दर्शाते हुआ एक पूर्ण तथा उचित विवरण केन्द्रीय सरकार को भेजेगा। यह विवरण संलग्न अनुसूची "ख" में दिये गये प्रपत्र में भरकर देना होगा :

(ङ) आयोग प्रतिवर्ष लाइसेंस के संबंध में एक शुल्क के संबंध में एक शुल्क का भुगतान करेगा जिसकी गणना प्रत्येक वर्ग किलोमीटर या उसके किसी अंश जिसका लाइसेंस में उल्लेख किया गया हो, निम्नलिखित दरों पर की जायेगी।

1. लाइसेंस के प्रथम वर्ष के लिए 4 रु०
2. लाइसेंस के द्वितीय वर्ष के लिए 20 रु०
3. लाइसेंस के तृतीय वर्ष के लिए 100 रु०
4. लाइसेंस के चतुर्थ वर्ष के लिए 200 रु०
5. लाइसेंस के नवीनीकरण के प्रथम और द्वितीय वर्ष के लिए 300 रु०।

(च) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 11 के उपनियम (3) की आवश्यकतानुसार आयोग को अन्वेषण लाइसेंस के किसी क्षेत्र के किसी भाग को छोड़ देने की स्वतन्त्रता सरकार को दो माह के नोटिस के बाद होगी।

(छ) आयोग केन्द्रीय सरकार की मांग पर उसको तत्काल तेल तथा प्राकृतिक गैस अन्वेषण के अन्तर्गत पाये गये समस्त खनिज पदार्थों के संबंध में भूवैज्ञानिक आंकड़ों के बारे में एक पूर्ण रिपोर्ट गुप्त रूप से देगा तथा हर छः महीने में निश्चित रूप से केन्द्रीय सरकार को समस्त परिचालनों व्यधन तथा अन्वेषण कार्यों के परिणामों के बारे में सूचना देगा।

(ज) आयोग समुद्र की तलहटी और/या उसके धरातल पर आग लगने संबंधी निवारक उपायों की व्यवस्था करेगा तथा आग बुझाने हेतु हर समय के लिए ऐसे उपकरण, सामान तथा साधन बनाये रखेगा और तीसरी पार्टी और/या सरकार को उतना मुआवजा देगा जितना कि आग लगने से हुई हानि के बारे में निर्धारित किया जायेगा।

(झ) इस अन्वेषण लाइसेंस पर तेल क्षेत्र (नियंत्रण और विकास) अधिनियम 1948 (1948 का 53) और पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के उपबन्ध लागू होंगे।

(ञ) पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस के बारे में आयोग केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित एक जैसा दस्तावेज भर कर देगा जो अपतटीय क्षेत्रों के लिए व्यवहार्य होगा।

(ट) आयोग व्यधन/अन्वेषण कार्य/सर्वेक्षण के दौरान एकत्र किये गये बैथीमीट्रिक, नौतल नमूनों, प्रवाह तथा चुम्बकीय आंकड़े सामान्य रूप में रक्षा मंत्रालय/नौसेना मुख्यालय को भेजेगा।

अनुसूची—5

आर-18 संरचना के 10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के भौगोलिक निर्देशांक

रेखांश		अक्षांश
"ए"	72° 52′ 35.24″	17° 7′ 52″
"बी"	72° 54′ 20.14″	17° 7′ 52″
"सी"	72° 54′ 20.14″	17° 6′ 12″
"[illegible]"	72° 52′ 35.24″	17° 6′ 12″

अनुसूची "ख"

अंशोधित तेल, केसिंग कन्डेन्सेट तथा प्राकृतिक गैस के उत्पादन तथा उसके मूल्य सहित मासिक विवरण।

रत्नागिरी–आर–18 संरचना के लिए पैट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस

क्षेत्रफल 10 वर्ग किलोमीटर (लगभग)

माह तथा वर्ष

क—अशोधित तेल

कुल प्राप्त किलो लीटरों की सं०	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये किलो लीटरों की सं०	केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पैट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये लीटरों की सं०	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त किलो लीटरों की सं०	टिप्पणी
1	2	3	4	5

ख—केसिंग हैड कन्डेन्सेट

प्राप्त किये गये कुल किलो लीटरों की सं०	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये किलो लीटरों की संख्या	केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पैट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये किलो लीटरों की संख्या	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त किलो लीटरों की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

ग–प्राकृतिक गैस

कुल प्राप्त घन मीटरों की संख्या	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये गये घन मीटरों की संख्या	केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पैट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये घन मीटरों की संख्या	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त घन मीटरों की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

एतद्द्वारा मैं, श्री———————————सत्य निष्ठापूर्वक घोषणा एवं पुष्टि करता हूं कि इस विवरण में दी गई सूचना पूर्ण रूपेण सत्य और सही है, उसे सही समझते हुए मैं शुद्ध अन्तःकरण से सत्य निष्ठा से यह घोषणा करता हूं।

हस्ताक्षर———————————

भारत के राष्ट्रपति के आदेश से तथा उनके नाम पर।

पी० के० राजगोपालन, डैस्क अधिकारी

रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

नई दिल्ली, दिनांक 21 सितम्बर, 1984

संकल्प

स० हिन्दी/समिति/83/38/5—रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) के दिनांक 14-8-1984 के समसंख्यक संकल्प के क्रम में रेलवे हिन्दी सलाहकार समिति में संसदीय राजभाषा समिति के प्रतिनिधि के रूप में नामित भूतपूर्व सदस्य सर्वश्री योगेन्द्र शर्मा और गणपत हीरालाल भगत के स्थान पर एतद्द्वारा सर्वश्री श्रीकान्त वर्मा ससद सदस्य, (राज्य सभा), 4, सफदरजंग लेन, नई दिल्ली और अरविन्द घोष, ससद सदस्य (राज्य सभा), 99 मार्च एवेन्यू, नयी दिल्ली को रेलवे हिन्दी सलाहकार समिति में संसदीय राजभाषा समिति के प्रतिनिधि के रूप में सदस्य नामित किया जाता है ।

उपर्युक्त संकल्प के पैरा 2 में उल्लिखित श्रीमती वीना दुग्गल के स्थान पर श्री प्रभात शास्त्री, प्रधान सचिव, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इलाहाबाद को रेलवे हिन्दी सलाहकार समिति में गैर-सरकारी सदस्य के रूप में नामित किया जाता है ।

रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) के दिनांक 3-10-1983 के समसंख्यक संकल्प के अन्तर्गत क्रमांक 31 पर उल्लिखित सदस्य श्री राजेन्द्र माथुर सम्पादक, नवभारत टाइम्स, नयी दिल्ली, जिन्होंने व्यस्तता के कारण समिति में अपनी सदस्यता जारी रखने में असमर्थता व्यक्त की है, के स्थान पर श्री योगेन्द्र शर्मा, भूतपूर्व ससद सदस्य, बा०-16 पत्रकार नगर, कंकड़ बाग, पटना को रेलवे हिन्दी सलाहकार समिति में गैर-सरकारी सदस्य के रूप में नामित किया जाता है ।

आदेश

यह आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति प्रधान मंत्री कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोकसभा तथा राज्य सभा सचिवालय और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेज दी जाये ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण की सूचना के लिए यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाय ।

अजय जोहरी
सचिव, रेलवे बोर्ड एवं
भारत सरकार के पदेन संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 11th October 1984

No. 104-Pres|84.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of the Maharashtra Police :—

